भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1759** जिसका उत्तर

मंगलवार, 6 **अगस्त**, **2024 ((श्रावण 15**, **1946, (शक)))** को दिया जाना है

विशाखापत्तनम बंदरगाह का क्षमता उपयोग

1759 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) यातायात हैंडलिंग के बढ़कर वर्ष 2019-20 में 66 मिलियन टन हो जाने और माल ढुलाई क्षमता के भी बढ़ जाने के बावजूद विशाखापट्टनम बंदरगाह का क्षमता उपयोग घटकर वर्ष 2019-20 में लगभग 47 प्रतिशत रह जाने के क्या कारण हैं;

(ख) वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक और जुलाई, 2024 तक क्षमता उपयोग की वर्ष-वार स्थिति क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान विशाखापत्तनम बंदरगाह में 2000 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं की स्थिति क्या है; और

(घ) विशाखापत्तनम बंदरगाह के क्षमता उपयोग को बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): विशाखापट्टनम पत्तन में 2019-20 में क्षमता उपयोग 49.81% से बढ़कर 54.19% हो गया है।

(ख): वर्ष 2020-21 से 2023-24 के दौरान और जुलाई, 2024 तक क्षमता उपयोग की स्थिति निम्नानुसार है:-

वर्ष	क्षमता उपयोग (%)
2020-21	52.0
2021-22	51.4
2022-23	51.3
2023-24	59.4
(अप्रैल से जून 2024)	59.1

(ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान विशाखापट्टनम पत्तन द्वारा 1354.73 करोड़ रु. की कुल 26 परियोजनाएं शुरू की गई जिनमें से 15 परियोजनाएं पूरी हो गई हैं और 11 परियोजनाओं में कार्यान्वयन किया जा रहा है।

(घ): ऑटोमेशन, यंत्रीकरण, प्रक्रिया सुधार और ईज ऑफ डूईंग बिजनेस उपायों का उपयोग करते हुए टर्नअराउंड समय में कमी और प्रति पोत बर्थ दिवस (ओएसबीडी) आउटपुट में सुधार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

*****